मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/एमआईएस/2021–22/255 भोपाल दिनांक 08 मार्च 2022

प्रति,

1/ संयुक्त संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा।

2/ सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त।

विषयः–ई–(मण्डी) अनुज्ञा पोर्टल पर सभी प्रकार की आवक एवं मण्डी शुल्क की जानकारी दर्ज करने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/एमआईएस/2021–22/233–234 दिनांक 15/02/2022।

–0–

उल्लेखित विषय में संदर्भित पत्र का अवलोकन करें एवं दिनांक 10/02/2022 को Webex के माध्यम से सम्पन्न वर्चुअल मीटिंग का स्मरण करें, जिसमें प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा ई–अनुज्ञा पोर्टल पर मण्डी सचिव लॉगिन की प्रविष्टि स्क्रीन के बिन्दु क्रमांक "6. का चयन कर सभी मण्डी समितियॉ को अपनी मण्डी की माहवार समर्थन मूल्य पर उपार्जित मात्रा एवं व्यापारी द्वारा क्रय मात्रा एवं उस पर प्राप्त मण्डी फीस की "माह अप्रेल 2021 से जनवरी 2022 तक" की अवधि की माहवार जानकारियॉ पृथक पृथक रुप से दर्ज कर पूर्ण व सत्यापित करने के निर्देश दिये हैं।

साथ ही प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा ई–अनुज्ञा पोर्टल पर मण्डी सचिव लॉगिन की प्रविष्टि स्क्रीन के बिन्दु क्रमांक "7. का चयन कर सभी मण्डी समितियों को अपनी मण्डी की माह फरवरी 2022 से दिनांकवार समर्थन मूल्य पर उपार्जित मात्रा एवं व्यापारी द्वारा क्रय मात्रा एवं उस पर प्राप्त मण्डी फीस की" चालू दिवस की जानकारी ठीक अगले कार्य दिवस में दर्ज कर सत्यापित करने के निर्देश देकर यह प्रकिया निरंतर रखे जाने के निर्देश दिये हैं।

उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में उपरोक्त कार्य की समीक्षा किये जाने पर यह पाया गया है कि आपके अंचल की अधिकांश मण्डी समितियों के द्वारा ई–अनुज्ञा पोर्टल पर जानकारी दर्ज व सत्यापित करने का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण दैनिक समीक्षा की जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

Sandeep

अतः अंचल की समस्त मण्डी समितियों से उपरोक्तानुसार माह अप्रेल 2021 से माह जनवरी 2022 तक की अवधि की माहवार जानकारी दर्ज करना पूर्ण करायें एवं माह फरवरी 2022 से अर्थात दिनांक 01 फरवरी 2022 से चालू दिवस की जानकारी ठीक अगले कार्य दिवस में नियमित रुप से ई–अनुज्ञा पोर्टल पर दर्ज की जाना सुनिश्चित करायें/करें एवं इस कार्य को निरंतर रखा जाये। मण्डी स्तर पर कार्य संचालन में सुविधा की दृष्टि से इस प्रकिया का यूजर मेनुअल ई–अनुज्ञा पोर्टल पर उपलब्ध है।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक/बी–5/2/एमआईएस/2021–22/2545 — भोपाल दिनांक 08 मार्च 2022

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) अपर संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) उप संचालक/सहायक संचालक (आई.टी.), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल